5. (क) मल्लू सियार सीधा सादा और भोला सियार था जबकि गल्लू सियार एक नंबर का धूर्त और चालबाज सियार था।

(ख) तब गल्लू ने दरवाजा खटखटाया। मल्लू ने दरवाजा खोला। जैसे ही गल्लू अंदर आने के लिए घुसा मल्लू ने दरवाजा बंद कर दिया।

(ग) गल्लू नहाकर अपने भाई मल्लू सियार के पास पहुँचा।

(घ) जब गल्लू नदी पर नहाने के लिए गया तो उसने वहाँ देखा कि कोई भी जानवर उससे नहीं डर रहा था। जैसे ही उसने नदी में नहाने के लिए चादर उतारी तो सभी जानवर उसे देखकर डर के भाग गए।

(ङ) गल्लू ने अपने भाई को महामंत्री के पद का लालच दिया क्योंकि वह स्वयं राजा बनना चाहता था।

(च) मल्लू ने अपने राजा की जान अपने भाई की जान देकर बचाई।

(छ) अंत में मल्लू ने चादर को जला दिया।

6.

व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा	भाववाचक संज्ञा
मल्लू	राजा	खुशबू
गल्लू	नदी	जादू
अजय	जानवर	स्वतंत्रता

7. (क) जंगल; (ख) पाँव; (ग) ठंड; (घ) माँद; (ङ) बनूँगा; (च) स्वतंत्रता; (छ) चौंक; (ज) आँख

8. (क) राम के घर में बहुत बड़ा चौक है।

शेर चौंककर उठ गया।

(ख) गल्लू ने मल्लू को महामंत्री का पद देने का लालच दिया।

गल्लू को जंगल के पथ में एक चादर मिली।

(ग) गल्लू सियार ने शेर को लात मारकर उठा दिया।

मित्रता की मुरझाई लता फिर हरी हो गई।

9. (र) रास्ता, रात, रात्रि

(श) प्रशंसा, प्रतिज्ञा, प्रतिष्ठा

(ह) पर्स, शर्त, हर्ष

10. (क) दरवाजे; (ख) चादरें; (ग) नदियाँ; (घ) रास्ते

पाठ्येतर गतिविधि

(क) जिस व्यक्ति का पर्स होगा उसे वापस कर देंगे।

(ख) चॉकलेट उठाकर कूड़े में डाल देंगे।

(ग) जिस व्यक्ति की सोने की चेन होगी उसे वापस कर देंगे।

(घ) जिस व्यक्ति किताब की होगी उसे किताब वापस कर देंगे।

कहानी

एक कुत्ता रास्ते से जा रहा था। उसे रास्ते में एक हड्डी पड़ी मिली। उसने उस हड्डी को उठा लिया और आगे चल दिया। आगे एक नदी थी। वह जब उस नदी के पुल पर पहुँचा तो उसने पानी में अपनी परछाई देखी और वह दूसरे कुत्ते को समझकर उस पर भौंकने लगा। जैसे ही कुत्ता भौंकने लगा उसके मुँह से हड्डी निकल गई और पानी में बह गई।

पाठ-4 लेखनी की आत्मकथा

अभ्यास

1. (क) लेखनी का दूसरा नाम 'कलम' है। अंग्रेजी में इसे 'पेन' बोलते हैं।

(ख) मनुष्य ने कलम का सिर काटकर उसे नुकीला बना दिया।

(ग) लोगों की भलाई करना लेखनी का कर्त्तव्य है।

2. (क) ii; (ख) i; (ग) iii

3. (क) नुकीला; (ख) स्वरूप; (ग) कर्त्तव्य; (घ) सुख-समृद्धि, समर्पित; (ङ) कुसंगति

4.

अंग्रेजों ने मेरा नाम	हृदय से लगाए रखते हैं।
सभी मुझे अपने	दु:ख सहन किए।
वहाँ तो मेरा	पेन रख दिया।
मैंने बहुत	दम ही घुटने लगा।

5. (क) उसे अपने मातृ पौधे से काटकर अलग कर दिया, उसका सिर भी काट दिया, उसे छील-छीलकर नुकीला बना दिया आदि उसने यातनाएँ सहन कीं।

(ख) जब लेखनी को हरी, लाल, नीली स्याही में डुबो दिया तब उसका दम घुटने लगा।

(ग) आधुनिक लेखनी में प्लास्टिक की रिफिल होती है जबकि प्राचीन लेखनी में रबड़ की थैली में स्याही भरी रहती थी।

(घ) मेरी एक विशेषता यह भी है मैं मूर्खजनों की संगति कभी नहीं करती। मुझे कुसंगति कभी नहीं भाती इसलिए मुझे सत्संगति का लाभ मिलता है और सभी जगह मेरा सम्मान होता है।

(ङ) लेखनी की हार्दिक इच्छा है कि संसार के सभी लोग उसका उपयोग करें।

6.

यौगिक शब्द	वाक्य-प्रयोग
सुविधानुसार	मनुष्य ने अपनी सुविधानुसार लेखनी का स्वरूप बदल दिया।
विद्यार्थी	विद्यार्थी लेखनी को हृदय से लगाकर रखते हैं।
विद्यालय	विद्यालय, कचहरी आदि में लेखनी द्वारा कार्य किया जाता है।
इच्छानुसार	मनुष्य अपनी इच्छानुसार लेखनी का उपयोग करते हैं।

7. (क) सुविधानुसार; (ख) आदेशानुसार; (ग) इच्छानुसार; (घ) रेखांकित

8. (क) दु:ख; (ख) चतुर; (ग) समाधान; (घ) संगति; (ङ) नीचा; (च) हानि; (छ) अपमान; (ज) परिचित; (झ) बुराई; (ञ) पराया

9. (क) स्वार्थी; (ख) इतिहास; (ग) स्याही; (घ) समर्पित; (ङ) कर्त्तव्य; (च) विद्यालय; (छ) उपन्यास; (ज) स्पर्श

10. (क) मैं लेखनी हूँ।

(ख) फिर मुझे हरी स्याही में डुबो दिया।

(ग) मैं सारी यातनाएँ चुपचाप सहन करती हूँ।

(घ) मैं देखने में छोटी जरूर हूँ लेकिन मेरा काम बहुत बड़ा है।

(ङ) मनुष्यों के हर सुख-दु:ख में हमेशा मैं उनका साथ देती हूँ।

पाठ-5 चाँद से थोड़ी-सी गप्पें

अभ्यास

1. (क) कवि कविता में चाँद के बारे में बता रहा है।

(ख) जब चाँद घटता है तो घटता चला जाता है तथा जब बढ़ता है तो बढ़ता चला जाता है।

(ग) चाँद के घटने व बढ़ने की बीमारी को कवि अच्छा नहीं मानता। यदि उसे यह बीमारी न होती तो कवि चाँद से शादी कर लेता।

2. (क) iv; (ख) iii; (ग) i

3.

गोल हैं खूब मगर	घटते ही चले जाते हैं।
तारों-जड़ा	जब तक बिल्कुल ही गोल न हो जाएँ।
आप घटते हैं तो	आप तिरछे नज़र आते हैं ज़रा।
दम नहीं लेते हैं	सिर्फ मुँह खोले हुए हैं अपना।

4. (क) चाँद तारों-जड़ा पूरा आकाश पहने हुए है।

(ख) कवि ने चाँद का चेहरा गोरा-चिट्टा, गोल-मटोल बताया है।

(ग) चाँद घटता है तो घटता चला जाता है और यदि बढ़ता है तो बढ़ता चला जाता है। चाँद को यह बीमारी है जिसे कवि अच्छा नहीं बता रहा है।

(घ) कवि का तात्पर्य है कि चूँकि चाँद गोल है फिर भी उसका केवल मुँह नजर आता है। इसी प्रकार वह लगता है कि तारों-जड़ा पूरा आकाश पहने हुए हैं।

5. (क) मुझे ज़रा सा गुड़ चाहिए था।

ज़रा में माता-पिता का सहारा बनना चाहिए।

(ख) इन दोनों संख्याओं का कुल ज्ञात करके मुझे बताओ।

नदी के कूल पर बच्चों को नहीं खेलना चाहिए।

6. (क) मातृत्व; (ख) दानवता; (ग) लड़कपन; (घ) यौवन; (ङ) बचपन; (च) नौकरी

7. (क) फ् + ऐ + ल् + आ + ए; (ख) ब् + उ + द् + ध् + ऊ; (ग) प् + ओ + श् + आ + क् + अ; (घ) श् + आ + द् + ई

पाठ-6 बूँद-बूँद से घट भरता है

अभ्यास

1. (क) रोहन बहुत शरारती लड़का था।

(ख) मोहल्ले के लोग रोहन से परेशान थे।

(ग) रोहन ने टी० वी० पर हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी जी का देश को स्वच्छ रखने का विज्ञापन देखा।

2. (क) iii; (ख) i; (ग) ii; (घ) i

3. (क) झगड़ा; (ख) पढ़ाई; (ग) स्वच्छता अभियान; (घ) शरारत

4.

टी० वी०	मोदी
रोहन	विज्ञापन
प्रधानमंत्री	अभियान
स्वच्छता	शरारती

5. (क) उसने निश्चय किया कि अब वह भी मोदी जी के स्वच्छता अभियान से जुड़ेगा।

(ख) स्वच्छता अभियान में रोहन की मदद सबसे पहले मोहल्ले के एक व्यक्ति ने की।

(ग) लोगों को लगा कि इसमें भी रोहन की कोई शरारत होगी और वह उनको परेशान करने के लिए बोल रहा है।

(घ) मोदी जी के स्वच्छता अभियान का आशय अपने घर, मोहल्ले, क्षेत्र तथा देश को स्वच्छ रखने से है।

6. (क) स्वच्छता; (ख) प्रसन्नता; (ग) सुंदरता; (घ) सामाजिकता

7. (क) मैं; (ख) अपने आप; (ग) वह; (घ) उसका

8. (क) रोहन यह सब जोश में आकर करेगा।

(ख) रोहन पढ़ाई और खेलकूद में बहुत अच्छा है।

(ग) अपने आप शांत हो गया था।

(घ) लोग रोहन की बातें सुनकर हँसेंगे।

9. (क) अ + भ् + इ + य् + आ + न् + अ; (ख) म् + ओ + ह् + अ + ल् + ल् + आ; (ग) श् + अ + र् + आ + र् + अ + त् + अ; (घ) स् + व् + अ + च् + छ् + अ + त् + आ; (ङ) न् + इ + श् + च् + अ + य् + अ

10. (क) प्रधानमंत्री; (ख) डाँटा

पाठ-7 एक दिन की बादशाहत

अभ्यास

1. (क) आपा आरिफ और सलीम को उठाते समय कहतीं कि जल्दी उठो, स्कूल का वक्त हो गया।

(ख) आरिफ और सलीम ने अब्बा से दरखास्त की कि एक दिन उन्हे बड़ों के सारे अधिकार दे दिए जाएँ और सब बड़े छोटे बन जाएँ।

(ग) हाँ, अब्बा ने आरिफ और सलीम की दरखास्त मानी।

2. (क) पान खाने से; (ख) उस दिन अधिकार आरिफ और सलीम को मिले थे; (ग) पाँच; (घ) सभी

3. (क) आरिफ ने दादी से; (ख) अम्मी ने सलीम से; (ग) आरिफ ने अब्बा जान से; (घ) सलीम ने आपा से; (ङ) अब्बा ने सलीम से

4. (क) पाबंदियों से बचने के लिए आरिफ और सलीम दोनों ने मिलकर एक योजना बनाई और अब्बा की खिदमत में एक दरखास्त पेश की कि एक दिन उन्हें बड़ों के सारे अधिकार दे दिए जाएँ और सब बड़े छोटे बन जाएँ।

(ख) सलीम और आरिफ को डाँटते-डाँटते अब्बा इसलिए रुक गए क्योंकि उन्हें याद आ गया कि आज बड़ों के सभी अधिकार इन छोटों को दे दिए गए हैं और बड़े छोटे बन गए हैं।

(ग) अगली सुबह जब सलीम की आँख खुली, तो आपा नाश्ते की मेज सजाए उन दोनों के उठने का इंतजार कर रही थी। अम्मी खानसामा को हुक्म दे रही थी कि हर खाने के साथ एक मीठी चीज जरूर पकाया करो। अंदर आरिफ के गाने के साथ भाईजान मेज का तबला बजा रहे थे और अब्बा सलीम से कह रहे थे, ''स्कूल जाते वक्त चवन्नी जेब में डाल लिया करो, क्या हर्ज है.....!''

5. बे + बस — बेबस; बे + शर्म —बेशर्म; बे + हिसाब —बेहिसाब; बे + दर्दी — बेदर्दी; बे + कसूर — बेकसूर; बे + सहार —बेसहारा

6. (क) जल्दी उठो।

(ख) कल दोनों को <u>हर किस्म के</u> अधिकार मिल जाएँगे।

(ग) जरा इन बच्चों को <u>बाहर</u> हाँक दे।

(घ) <u>फौरन</u> ऑफिस जाइए।

7. (क) है; (ख) पकेगा; (ग) कहा; (घ) गईं; (ङ) खाई जाएगी

8. रुक; रुपया ; गुरु; रूठना; रूस; अमरूद

पाठ्येतर गतिविध

यदि घर में हमारे साथ भी सलीम और आरिफ जैसा बर्ताव किया जाए, तो हाँ, हम भी उनकी तरह एक दिन का अधिकार चाहते हैं।

स्वयं कीजिए।

पाठ-8 लालची बिल्ली

अभ्यास

खण्ड-अ

1. स्वयं कीजिए।

2. (क) i; (ख) iii; (ग) i

3. (क) निर्धन, (ख) दलिये, (ग) स्वादिष्ट, (घ) महल, (ङ) रोशनदान

4.

निर्धन	वृद्ध महिला
राजा	महल
मोटी	बिल्ली
दुबली बिल्ली	लालची
बर्तन	मछली

5. (क) ✗, (ख) ✓, (ग) ✗, (घ) ✓, (ङ) ✗

6. (क) झोंपड़ी में एक निर्धन वृद्ध महिला और एक दुबली बिल्ली एक साथ रहते थे।

(ख) वे पतला दलिया खाकर अपना पेट भरते थे।

(ग) दीवार के पास एक मोटी बिल्ली थी।

(घ) मोटी बिल्ली राजा की चौकी के नीचे छिपकर गिरने वाले स्वादिष्ट टुकड़े खाती थी।

(ङ) वृद्ध महिला ने बिल्ली से महल में न जाने की विनती की और कहा कि अगर वहाँ राजा के नौकरों ने तुम्हें चोरी करते हुए देख लिया तो क्या होगा।

(च) कहानी के अंत में दुबली बिल्ली ने लालच में आकर रोशन-दान से छलाँग लगाई और बर्तन में रखी मछली का टुकड़ा उठाकर खाने ही वाली थी कि राजा के नौकर ने उसको देखा और मार डाला।

7. (क) झोपड़ी, (ख) चौकी, (ग) सहेली, (घ) संतुष्ट, (ङ) बिल्ली, (च) प्रसन्न

8. (क) जवान, (ख) असंतुष्ट, (ग) पतली, (घ) पिछले, (ङ) अमीर, (च) रंक

पाठ-9 तेनालीराम का इम्तिहान

अभ्यास

1. (क) तेनालीराम की।

(ख) विजयनगर के राजा कृष्णदेव राय को।

(ग) आम का।

2. (क) iv; (ख) ii; (ग) i; (घ) iii

3. (क) बादशाह, दरबारियों; (ख) तेनालीराम; (ग) अशर्फियों; (घ) खजाना

4. (क) बादशाह ने।
दरबारियों से।
वह तेनालीराम की परीक्षा लेना चाहते थे।
(ख) बादशाह ने।
बूढ़े व्यक्ति से।
क्योंकि वह आम का पेड़ लगा रहा था।
(ग) बादशाह ने।
दरबारी से।
क्योंकि बादशाह ने बूढ़े व्यक्ति को तीन थैली दे दी थीं।

5. (क) तेनालीराम को बुलाया क्योंकि तेनालीराम की हाजिरजवाबी और अक्लमंदी बेमिसाल है। बाबर इस बात की सत्यता परखना चाहता था।
(ख) कि यदि तुम पुरस्कार ले आए तो मैं भी तुम्हें एक हजार स्वर्ण मुद्राएँ दूँगा और अगर तुम पुरस्कार प्राप्त न कर सके तो मैं तुम्हारा सिर मुँडवाकर दरबार से बाहर निकाल दूँगा।
(ग) सोलहवें दिन से तेनालीराम ने दरबार में जाना छोड़ दिया।
(घ) क्योंकि उस इलाके में आम के पेड़ कम पाए जाते हैं।
(ङ) तेनालीराम ने बूढ़े व्यक्ति का वेश धारण किया और जिस रास्ते से बादशाह सैर के लिए निकले उस रास्ते के किनारे आम का पेड़ लगाने लगा। जब बादशाह ने उसे देखा और पूछा–कि तुम ये क्या कर रहे हो तो बूढ़ा बोला, मैं आम का पेड़ लगा रहा हूँ क्योंकि इस इलाके में आम के पेड़ कम हैं इसलिए बिक्री अधिक होगी।'' बादशाह ने कहा–लेकिन आपकी उम्र काफी अधिक है, जब तक ये आम का पेड़ बड़ा होगा तब तक आप नहीं होंगे। बूढ़ा व्यक्ति बोला–मेरे अब्बाजान ने पेड़ लगाया था जिसके फल मैंने खाए थे। अब मैं पेड़ लगा रहा हूँ जिसके फल कोई और खाएगा। यह बात सुनकर बादशाह बहुत खुश हुआ और बूढ़े व्यक्ति को एक थैली अशर्फियों की दी। फिर बूढ़े ने कहा–लोग तो पेड़ के बड़े होने पर फल खएँगे। मुझे तो पेड़ लगाने पर ही फल मिल गया। बादशाह ने फिर एक थैली अशर्फियों की दी। बूढ़ा फिर बोला–पेड़ के बड़े होने पर तब पेड़ एक साल में एक बार फल देगा पर आपने तो मुझे एक दिन में एक पेड़ लगाने के लिए दो बार थैली दे दी। बादशाह ने फिर एक थैली और दी। जब बादशाह जाने लगा तो बूढ़ा व्यक्ति बोला–एक पल इंतजार कीजिए और उसने अपने कपड़े उतार दिए। देखा तो तेनालीराम था। इस प्रकार तेनालीराम ने बादशाह से पुरस्कार प्राप्त किया।

6. (क) एक दिन बाबर रोज की तरह सैर करने निकला।
मैंने राम को एक सेर चावल दिए।
(ख) हँसना सेहत के लिए अच्छा होता है।
हंस एक सुंदर पक्षी है।
(ग) राम के पास बुक खरीदने के लिए 5 रुपये काफ़ी हैं।
राम ने एक कप कॉफी बनाई।

7. (क) खाया, खाता, खाएगा; (ख) गया, जाता, जाएगा; (ग) सुना, सुनाता, सुनेगा; (घ) पढ़ाया, पढ़ता, पढ़ेगा

8. (क) नृप, नरेश, भूपति; (ख) आम्र, रसराज, पिंकबंधु; (ग) वृक्ष, तरु, विटप; (घ) सेवक, दास, परिचारक

9. (क) बूढ़े; (ख) गड्डे; (ग) मुद्राएँ; (घ) थैलियाँ; (ङ) अशर्फियाँ (च) दरबारीगण

पाठ-10 अच्छी सीख

अभ्यास

1. (क) मार्ग में आनो वाली बाधाओं का साहस व हिम्मत से मुकाबला करना और उन्हें परास्त करना।
(ख) पेड़ों से हमें फल, प्राप्त होते हैं।
(ग) हमें अत्याचार का बिना डरे मुकाबला करना चाहिए।

2. (क) iii हवा, (ख) ii सूर्य, (ग) i अंधकार

3. (क) बादल से सीखो औरों की,
जग में प्यास बुझाना।
और सूर्य से सीखो तपकर,
धरती रोशन कर जाना।।
(ख) मछली से सीखो उल्टी,
धारा में लड़कर बह जाना।
अंधकार आए तो नन्हें,
दीपक जैसे लड़ जाना।

4.

सरिता	मार्ग बनाना
हवा	ऊपर उठना
बादल	प्यास बुझाना
सूर्य	धरती को रोशन करना
मछली	उल्टी धारा में लड़कर बहना
दीपक	अँधेरा हटाना
मोती	अंधकार में पलना

5. (क) बादल, (ख) सूर्य, (ग) दीपक, (घ) पर्वत, (ङ) लाली, आना

6. (क) हमें हवा से नभ में ऊपर उठकर छा जाने की सीख मिलती है।
(ख) बादल जग की प्यास बुझाते हैं। वे वर्षा के रूप में बरसकर जग को जल प्रदान करते हैं।
(ग) सूर्य अपनी किरणें फैलाकर धरती को रोशन करता है।
(घ) मोती से हमें गहरे अंधकार में पलने की शिक्षा मिलती है।
(ङ) पर्वत जैसे डट जाना का अर्थ है–जहाँ अत्याचार और अनीति हो वहाँ डटकर मुकाबला करना चाहिए।
(च) इस कविता के रचयिता घनश्याम कुमार 'देवांश' है।

7. (क) नदी (ख) रास्ता (ग) मेघ (घ) धरा (ङ) सूरज (च) मीन (छ) दीया (ज) वृक्ष

8. (क) सूर्य **तपकर** सबको रोशनी प्रदान करता है।
(ख) **दुर्दिन** में परछाई भी साथ छोड़ देती है।
(ग) हमें सदैव ऐसे कार्य करने चाहिए जिससे हमारी **कीर्ति** चारों ओर फैले।

पाठ-11 मेहनत ही धन है

अभ्यास

1. (क) स्वयं कीजिए।
(ख) हरिशंकर बहुत आलसी और काम चोर था। इसलिए उसके खेत बंजर हुए जा रहे थे।
(ग) हरिशंकर खेत में गड़े धन को पाने के लिए उतावला हुआ जा रहा था।

2. (क) iii; (ख) i; (ग) iii

3. (क) शिरीपुर, (ख) सरस्वती, (ग) मस्तिष्क, (घ) लहलहाने,

4. (क) गाँव वालों ने हरिशंकर से कहा।
(ख) संत ने सरस्वती से कहा।
(ग) हरिशंकर ने संत से कहा।
(घ) संत ने हरिशंकर से कहा।

5. (क) ✗, (ख) ✓, (ग) ✗, (घ) ✓, (ङ) ✓

6.

शिरीपुर	गाँव
हरिशंकर	आलसी
सरस्वती	मेहनती
संत	द्रवीभूत
हाहाकार	अकाल
सोने-सी	फसल
मस्तिष्क	पागलपन

7. (क) हरिशंकर शिरीपुर गाँव में रहता था। वह बेहद आलसी व कामचोर व्यक्ति था।
(ख) हरिशंकर के पड़ोसी उसको काम करने के लिए समझाते हैं।
(ग) सरस्वती हरिशंकर के आलसीपन और अकर्मण्यता से बहुत परेशान रहती थी।
(घ) गाँव में अकाल पड़ने पर लोग भूख से मरने लगे। चारों ओर हाहाकार मच गया।
(ङ) गाँव में एक संत आए और वे मीठी वाणी से प्रवचन करने लगे।
(च) लहलहाते खेतों को देखकर हरिशंकर का मन झूम उठा।
(छ) हरिशंकर संत के पैरों में इसलिए गिर पड़ा क्योंकि उन्होंने हरिशंकर की आँखें खोल दीं और अब वह मेहनत का मूल्य जान चुका था।

8. (क) कृषि के दर्शन करने हेतु वह **निरंतर** चलता था।
(ख) तुम्हारा घर बहुत **शानदार** है।
(ग) अच्छी **सलाह** से जीवन सुधर सकता है।
(घ) प्रात: उठकर सबसे पहले माता-पिता को **प्रणाम** करना चाहिए।
(ङ) बच्चों के घर न लौटने पर माँ की **व्याकुलता** बढ़ती हा रही थी।
(च) उसके **मस्तिष्क** में कभी अच्छे विचार नहीं आते।
(छ) **परिश्रम** ही सफलता की कुंजी है।

9. (क) व्यक्ति (ख) अकर्मण्यता (ग) कामचोर (घ) भीषण (ङ) सरस्वती (च) प्रणाम (छ) फव्वारा (ज) खुदाई (झ) मस्तिष्क (ञ) परिश्रम

पाठ-12 धूर्त से दोस्ती

अभ्यास

1. (क) स्वयं कीजिए।
2. (क) i; (ख) iii; (ग) ii
3. (क) मनुष्य; (ख) दोस्ती; (ग) चुगकर; (घ) हमेशा; (ङ) मक्का, पसंद; (च) व्यवहार; (छ) चौराहे
4.

मुर्गा	समय का पाबंद
साँप	बिल
बिरादरी	कुल
दाना	चुगकर
चूहा	धूर्त

5. (क) तोते ने मुर्गे से कहा।
(ख) मुर्गे ने साँप से कहा।
(ग) साँप ने मुर्गे से कहा।
(घ) मुर्गे ने साँप से कहा।
(ङ) मनुष्यों ने मुर्गे के लिए कहा।

6. (क) ✗, (ख) ✓, (ग) ✓, (घ) ✓, (ङ) ✗

7. (क) मुर्गा सुबह के चार बजे बाँग देता था। मनुष्य मुर्गे की बाँग सुनकर अनुमान लगाते थे कि चार बज गए हैं।
(ख) साँप बहुत आलसी था। वह सारा दिन अपने बिल में सोया रहता था। भूख लगने पर ही वह उठता था। उसे शिकार करने में भी आलस आता था।
(ग) एक दिन तोते ने मुर्गे से कहा कि वह बहुत भोला है। बुजुर्गों का कहना है कि मित्रता अपने कुल और बिरादरी में ही फलती-फूलती है। साँप और तुम्हारा कोई मेल नहीं है। डसना साँप की आदत है। वह तुम्हें कभी भी नुकसान पहुँचा सकता है।
(घ) साँप ने मुर्गे से बदला लेने का संकल्प किया क्योंकि मुर्गे ने उसे मक्कार और आलसी कहा था।
(ङ) कहानी के अंत में मक्कार साँप मुर्गे से अपमान का बदला ले लेता है।

8. (क) जागना (ख) शत्रुता (ग) कम (घ) शाम

पाठ-13 दौड़ो-दौड़ो, माधव दौड़ो

अभ्यास

1. (क) माधव से।
(ख) माधव के घर।
(ग) माधव मारो, लाठी मारो।
2. (क) ii; (ख) ii; (ग) iii
3. मैं चिल्लाया
माधव मारो, लाठी मारो
माधव ने मुड़ के पूछा
साँप या लाठी?
लाठी मारो। मैं चिल्लाया
साँप उठा के मार दी लाठी माधव ने।
4. (क) क्योंकि घर में साँप आ गया था।
(ख) क्योंकि माधव ने साँप उठाकर मार दी लाठी। लाठी टूट गई और साँप रह गया हाथ में।
6. (क) टपका; (ख) काँप; (ग) नीचे; (घ) नारे; (ङ) मराठी; (च) घोड़ा

पाठ-14 अपना-अपना नज़रिया

अभ्यास

1. (क) स्नान।
(ख) शिष्य के।
(ग) सभी का देखने का नजरिया अलग-अलग होता है।
2. (क) iv; (ख) i; (ग) iii

3. (क) गुरुजी ने।
   शिष्य से।
   क्योंकि गुरुजी ने दोनों राहगीरों को अलग-अलग जवाब दिए।
   (ख) गुरुजी ने।
   दूसरे राहगीर से।
   क्योंकि वह जहाँ रहता था वहाँ के लोग नेक दिल और भले इंसान थे।
4. (क) संत को नहाते देख राहगीर वहाँ रुक गया।
   (ख) संत ने कहा कि यहाँ भी कपटी व दुष्ट लोग रहते हैं।
   (ग) दूसरे राहगीर ने संत से पूछा कि यहाँ के लोग कैसे हैं। संत ने उत्तर दिया कि मैं तुम्हारे सवाल का जवाब बाद में दूँगा। पहले तुम मुझे ये बताओ कि जहाँ से तुम आए हो वहाँ के लोग कैसे थे।
   (घ) शिष्य को समझाया कि हर मनुष्य का देखने का नजरिया अलग होता है।
   (ङ) जी हाँ।
5. र — राहगीर, रुक, रहने
   र्‍ — मार्ग, निर्भर, कर्म
   ्र — प्रणाम, ग्राम, प्रशंसा
6.

दंत	घी	गृह	सात
हस्त	मुँह	रात्रि	दही
नयन	हाथ	श्वेत	घर
मुख	दाँत	सप्त	रात
घृत	नैन	दधि	सफेद

7. (क) महात्मा; (ख) चिकित्सालय; (ग) दयानंद; (घ) विद्यालय
8. (क) असभ्य; (ख) सज्जन; (ग) दुर्रात्मा; (घ) अच्छाई
9. (क) साधु, संन्यासी, महात्मा; (ख) विद्यार्थी, चेला, छात्र; (ग) सरिता, तरंगिणी, सलिला; (घ) वतन, राष्ट्र, मुल्क; (ङ) वायु, समीर, पवन
10. (क) संत अपने शिष्य के साथ **स्नान** कर रहे थे।
    (ख) जंगल में जानवरों का **बसेरा** है।
    (ग) **बंधु,** यहाँ अच्छे लोग रहते हैं।
    (घ) यहाँ **दुष्ट** लोग रहते हैं।
    (ङ) शहर और गाँव के **मार्ग** में एक घना जंगल पड़ता है।

पाठ-15 कठिन परिश्रम

अभ्यास

1. (क) मोहन।
   (ख) लकड़ी के व्यापारी के।
   (ग) मोहन ने पहले दिन 20 पेड़ काटे।
2. (क) ii; (ख) ii; (ग) iv
3. (क) ✗; (ख) ✗; (ग) ✓; (घ) ✓
4. (क) मोहन कम पढ़ा-लिखा व परिश्रमी लड़का था।
   (ख) व्यापारी ने मोहन को जंगल में लकड़ी काटने का कार्य दिया।
   (ग) क्योंकि मोहन ने अपने कुल्हाड़ी की धार तेज नहीं करवाई थी।
   (घ) हमें केवल कठिन परिश्रम से ही उन्नति प्राप्त नहीं होती, बल्कि समय-समय पर औजारों को धार देना भी जरूरी होता है, क्योंकि हमारी उन्नति, हमारे औजारों पर ही निर्भर है।
5. (क) दिवस, वार; (ख) वन, अरण्य; (ग) वृक्ष, तरु; (घ) प्रशंसा, बड़ाई
6. (क) ढक्कन, ढोल, ढाई; (ख) पढ़ाई, कढ़ाई, चढ़ाई; (ग) डमरू, डिब्बा, डर; (घ) जड़, लड़ाई, झाड़ू
7. (क) अवनति; (ख) रात; (ग) भूत; (घ) ज्यादा

पाठ-16 थप्प रोटी, थप्प दाल

अभ्यास

1. (क) मुन्नी नीना को पुकारती है।
   (ख) मुन्नी माँ से आटा, घी, दाल, दही, मक्खन, साग, चीनी लाई थी।
   (ग) चुन्नू और टिंकू को बाजार से साग-सब्ज़ी लाने का काम सौंपा गया।
2. (क) ii; (ख) ii; (ग) ii
3. (क) टिंकू ने पकाई बड़ियाँ, चुन्नू ने पकाई दाल, टिंकू की बड़ियाँ जल गईं, चुन्नू का बुरा हाल।
   (ख) बच्चों के सोने पर बिल्ली आती है।
   (ग) ओहो! मक्खन कितना सारा, झट से चट करूँ किनारा। हैं छींके पर यह क्या रखा, आन रही क्या, अगर न चखा? रोटी कैसी गरम-गरम है, घी से चुपड़ी नरम-नरम है। मक्खन रोटी, चावल दाल, जी भी खाया कितना माल। और देखो वह मुन्नी, टिंकू, चुन्नू सारे, खर्राटे भर रहे बेचारे। अब चुपके से सरपट जाऊँ। आलसियों को सबक सिखाऊँ। म्याऊँ, म्याऊँ, म्याऊँ, म्याऊँ।
   (घ) हमें बिल्ली का पात्र अच्छा लगा है क्योंकि वह यह सीख देना चाहती थी कि हमें कभी-भी घोड़े बेचकर नहीं सोना चाहिए।
   (ङ) बिल्ली बनी नीना कहती है कि—हाँ, खाऊँगी सौ-सौ बार, जो सोओगे टाँग पसार।
4. (क) मुन्नी, नीना; (ख) बच्चे, दोस्त; (ग) चोरी, पिटाई; (घ) मीठा, खट्टा
5. (क) टिंकू; (ख) आँसू; (ग) रंगमंच; (घ) अंदाज; (ङ) हाँडी; (च) माँगते; (छ) पंक्ति; (ज) फूँक

पाठ-17 दो गप्पी

अभ्यास

1. (क) शेखीबाज को, जो दूर की हाँकते हैं और अपने को सबसे बड़ा बताते हैं।
   (ख) बहुत बड़ा मकान था।
   (ग) बहुत लंबा बाँस था।
2. (क) iv; (ख) iii; (ग) ii
3. (क) झूठ; (ख) बहादुरों; (ग) हिरन; (घ) दरियादिल, उधार
4. (क) देखें कौन बड़ा गप्पी है। शर्त लग गई। जो जीते वह दो सौ रुपये पाए और जो हारे वह दो सौ रुपये दे।
   (ख) यदि वह कह देता कि यह बात झूठ है तो वह शर्त हार जाता और उसे दो सौ रुपये देने पड़ते।

(ग) क्योंकि यदि वह कहता कि यह सच है तो उसे अपने पिताजी का कर्ज चुकाना पड़ता और यदि कहता कि यह झूठ है तो उसे शर्त हार कर दो सौ रुपये देने पड़ते।

(घ) उसने कह दिया कि यह बात झूठ है और उसने दो सौ रुपये दे दिए।

5. अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ

6. स्वयं कीजिए।

पाठ-18 वे दिन भी क्या दिन थे

अभ्यास

1. (क) डायरी कुम्मी लिख रही है।

(ख) 17 मई सन् 2155 की रात को।

(ग) पुस्तक रोहित को मिली थी।

2. (क) ii; (ख) ii; (ग) iii

3. (क) स्थिर; (ख) पुर्जे-पुर्जे; (ग) सिलसिले; (घ) घर

4. (क) ✓; (ख) ✗; (ग) ✓; (घ) ✓

5. (क) सचमुच की पुस्तक।

(ख) एक पुराने डिब्बे में और उसमें पुराने जमाने के स्कूल के बारे में लिखा था।

(ग) पाठ में शिक्षण की पुराने जमाने की पद्धतियों के बारे में बताया गया है।

(घ) कुम्मी को पढ़ाई की पुराने जमाने की पद्धति अच्छी लगी क्योंकि वहाँ बच्चे स्कूल हँसते-खेलते-कूदते जाते थे और पढ़ाने वाले अध्यापक भी स्त्रियाँ और पुरुष थे।

6.



7. (क) आरम्भ; (ख) सम्भव; (ग) अन्दर; (घ) गङ्गा; (ङ) ठण्डा; (च) आनन्द

8. (क) ऐसा लगा मानो सब **स्थिर** हो गया।

(ख) हमें **नियमित** रूप से व्यायाम करना चाहिए।

(ग) तुम गाड़ी बहुत **रफ्तार** से चलाते हो।

(घ) वहाँ हमें **अजीब-अजीब** बातें जानने को मिलीं।

BOOK-5

पाठ-1 निंदिया आई

अभ्यास

खंड-अ

1. (क) एक महल (ख) कुंभकरण रावण का भाई था।

(ग) गरम पकौड़ी खाने से।

2. (क) ii; (ख) iii; (ग) i (घ) iii; (ङ) iii

3.



4. सपने में एक महल बनाया,
जोड़-जोड़कर कौड़ी-कौड़ी।
गढ़ी कहानी सच्ची-झूठी,
कुंभकरण-सी नींद न टूटी।

5. (क) नींद आने पर सोने के लिए खाट बिछाई गई।

(ख) नींद को कुंभकरण-सी इसलिए कहा गया है क्योंकि रावण का भाई कुंभकरण बहुत गहरी नींद में सोता था और उठाने पर भी नहीं उठता था।

(ग) सपने में कौड़ी-कौड़ी जोड़कर महल बनाया।

(घ) सपने में महल कौड़ी-कौड़ी जोड़कर बनाया।

(ङ) सपने में घड़ी टिक-टिक कर रही थी जिससे ऐसा लगा जैसे कोई खोपड़ी पर हथौड़ी चला रहा हो।

6. (क) चौड़ी; (ख) टूटी; (ग) सन्नाटे; (घ) भाई

7. सर्प, वर्षा, दर्पण, शर्म

8. (क) कमरे में बहुत **सन्नाटा** था।

(ख) मैंने बहुत अच्छा **सपना** देखा।

(ग) मुझे बहुत **नींद** आ रही है।

(घ) यह **कहानी** बहुत अच्छी है।

(ङ) मेरा भाई बहुत तेज **खर्राटे** लेता है।

9. (क) सोचकर; (ख) नहाकर; (ग) पढ़कर; (घ) दौड़कर; (ङ) जाकर

10. (क) नींद; (ख) चारपाई; (ग) चुप्पी; (घ) बनाई; (ङ) सिर; (च) स्वप्न

पाठ-2 मज़ा और सज़ा

अभ्यास

1. (क) दो भाई थे। (ख) पैदल। (ग) बाग की मेड़ पर।

2. (क) iii; (ख) ii; (ग) iii (घ) iii

3. (क) जामुन; (ख) किताबें; (ग) जामुनों; (घ) बंदरों; (ङ) होश

4. (क) ✗; (ख) ✓; (ग) ✓; (घ) ✗; (ङ) ✗

5. (क) किताबों को बारिश से बचाने के लिए रज्जू-मज्जू अपनी किताबों को पन्नियों में लपेटकर झोले में रखते थे।

(ख) पके जामुन देखकर रज्जू-मज्जू का मन ललचा गया। उन्होंने अपने झोले बाग की मेड़ पर रख दिए और ढेला-पत्थर मार-मारकर

जामुन तोड़ने लगे।

(ग) बंदरों ने उनके झोलों को देखा और पेड़ों से उतरकर उनको खोल-खखोल डाला। पन्नियों में लिपटी किताबों और कॉपियों को खाने की चीजें समझकर वे निकाल ले गए। उन्होंने सारी किताबें और कॉपियाँ फाड़ डालीं।

(घ) रज्जू और मज्जू ने देखा कि उनकी किताबों और कॉपियों के फटे हुए पन्ने पेड़ों की टहनियों पर पत्तों में अटके फड़फड़ा रहे हैं। यह देखकर दोनों के होश उड़ गए।

6. (क) वे अभी बच्चे थे।

(ख) पके जामुन नीचे आ गिरते।

(ग) अचानक पेड़ों पर बंदरों की आवाजें आईं।

(घ) वहाँ डालियों पर बैठकर उन्होंने पन्नियों को फाड़ा।

7. (क) हँसना बच्चों का **हँसना** अच्छा लगता है।

(ख) लिखना रमा को पत्र **लिखना** अच्छा लगता है।

(ग) बैठना मेरे बेटे को घोड़े पर **बैठना** है।

(घ) जाना मुझे घर **जाना** है।

8. (क) शहर; (ख) कच्चे; (ग) बदसूरत; (घ) गलत; (ङ) बदबू; (च) ऊपर

9. (क) फूलों की **खुशबू** मनमोहक होती है।

(ख) शेर को सामने देख रमेश के **होश उड़** गए।

(ग) आज **मौसम** बहुत सुहावना है।

10. फ्रॉक, कॉपियाँ, डॉक्टर, बॉल

11.



पाठ-3 आगे बढ़ने का रहस्य

अभ्यास

1. (क) अपना हुनर किसे सिखाए।

(ख) स्वयं कीजिए।

(ग) स्वयं कीजिए।

2. (क) ii; (ख) i; (ग) i; (घ) iii

3. (क) सिलवाने; (ख) बेसहारा; (ग) ग्राहकों; (घ) गोविंदराव; (ङ) आहिस्ता; (च) रहस्य

4. (क)✓, (ख) ✗, (ग) ✓, (घ) ✓, (ङ) ✓

5. (क) गोविंदराव एक होशियार दर्जी था किंतु अब वह बूढ़ा होने लगा था इसलिए वह अपना काम किसी को सिखाना चाहता था।

(ख) गोविंदराव के पास देबू नाम का लड़का रहने लगा था क्योंकि वह भूखा और बेसहारा था और काम करना चाहता था।

(ग) देबू के काले दस्ताने खो गए थे यही उसकी परेशानी का कारण था।

(घ) देबू को अपने काम और नाम पर घमंड होने लगा था।

(ङ) देबू को अपने दस्ताने अनाज की बोरी के पीछे दिखाई दिए। रात में वे तकिए से खिसककर गिर गए थे। जिन्हें चूहा अपने बिल में खींच ले गया था।

(च) हमें अपने जीवन में परिश्रम से आगे बढ़ना चाहिए।

6. (क) रामू की **दुकान** बाजार में है।

(ख) हमें **बेसहारा** लोगों की मदद करनी चाहिए।

(ग) आज दुकान पर बहुत **ग्राहक** आए।

(घ) हमें भीड़ में **आहिस्ता** से चलना चाहिए।

(ङ) कल हमने **जादूगर** का कार्यक्रम देखा।

(च) तुम्हें अच्छा बनने की **कोशिश** करनी चाहिए।

(छ) इस किताब में एक **रहस्य** छिपा है।

7. (क) डाकू जेल से भाग गए।

(ख) बहुत बड़े पेड़ दिखाई दिए।

(ग) उसके पास खड़े लड़के चिल्ला रहे थे।

(घ) राघव ने सरकस से टिकट लिए।

8. (क) दर्जी; (ख) चश्मा; (ग) बेसहारा; (घ) आहिस्ता; (ङ) अक्सर; (च) मित्र; (छ) सीखना; (ज) जादूगर

पाठ-4 बंदर और लोमड़ी

अभ्यास

1. (क) बंदर

(ख) खर्राटे भने की

(ग) चाँद

(घ) बंदर ने लोमड़ी से पूछा कि क्या बिना सहारे कोई चीज आसमान में अटकी रह सकती है।

(ङ) फल फेंकने से।

2. (क) ii; (ख) i; (ग) iii (घ) i

3. (क) बंदर; (ख) चाँद; (ग) असफल; (घ) छपाक; (ङ) कँटीली

4. (क) लोमड़ी ने।

बंदर से।

बंदर ने लोमड़ी से उसके खर्राटों की शिकायत की।

(ख) बंदर ने।

लोमड़ी से।

जब लोमड़ी ने बंदर की चाँद के लटके होने की बात नहीं मानी।

5.



6. (क) बंदर लोमड़ी से उसके खर्राटे के कारण परेशान था।

(ख) बंदर ने लोमड़ी से छुटकारा पाने के लिए उससे कहा कि चाँद बिना सहारे के आसमान में लटका है। उसने फल तोड़कर तालाब में फेंक दिया और लोमड़ी से कहा कि चाँद तालाब में गिर गया, वह बच गई

अन्यथा उसके सिर पर गिरता। लोमड़ी इससे डर गई और वहाँ से भाग गई।

(ग) अंत में लोमड़ी ने गड्ढे में बनी एक माँद में शरण ली।

7. (क) रात्रि, निशा, रजनी; (ख) वानर, कपि, हरि; (ग) वन, अरण्य, कानन; (घ) गगन, अंबर, नभ

8. (क) हर व्यक्ति को अपने कर्मों का फल जरूर मिलता है।

मुझे आम का फल बहुत पसंद है।

(ख) चुनावों में विपक्ष को हार प्राप्त हुई।

कृष्णा के गले में फूलों का हार है।

(ग) जल ही जीवन है।

वह आग से जल गई।

9. (क) इसलिए; (ख) और; (ग) बल्कि; (घ) इसलिए; (ङ) मानो

पाठ-5 दोस्ती

अभ्यास

1. (क) गौरेया का जोड़ा

(ख) क्योंकि चिनमिन अंडों को सेती थी।

(ग) टूटे हुए अंडों को देखकर।

(घ) मेघनाद (ङ) टर्र टर्र

2. (क) iv; (ख) ii; (ग) ii; (घ) i

3. (क) चीकू और भोलू कौए ने।

चिनमिन से।

चिनमिन रो पड़ी थी क्योंकि हाथी ने उसके अंडे तोड़ दिए थे।

(ख) चीकू ने।

भोलू से।

हाथी ने चीकू के अंडे तोड़ दिए इसलिए हाथी को सबक सिखाने के लिए।

4. (क) इस तरह घोंसले में रखे अंडे टूट गए।

(ख) टूटे अंडों को देखकर चिनमिन ज़ोर-ज़ोर से रोने लगी।

(ग) सबको मेघनाद की सलाह बहुत पसंद आई।

(घ) चीकू, भोलू और वीना तीनों मेघनाद मेंढक के पास गए।

(ङ) इस तरह छोटे-छोटे जीवों ने मिलकर अक्ल से हाथी जैसे बड़े जीव को मार गिराया।

5. (क) चीकू और चिनमिन को अपने अंडों से बच्चों के बाहर निकलने का बेसब्री से इंतजार था।

(ख) चीकू ने भोलू से कहा कि ''इस दुष्ट हाथी ने घमंड में आकर हमारे बच्चों की जान ली है। इसे तो इसका दंड मिलना ही चाहिए।''

(ग) हाथी को मारने में चीकू की सहायता भोलू कौए, वीना मक्खी और मेघनाद मेंढक ने की।

(घ) हाथी की आँख भोलू कौए ने फोड़ी।

(ङ) छोटे जीव होने पर भी सभी ने अपनी अक्ल से विशालकाय हाथी को मार गिराया।

(च) इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि किसी भी जीव को छोटा नहीं समझना चाहिए।

6. (क) खुश, भाववाचक (ख) चीकू, चिनमिन, व्यक्तिवाचक; (ग) वीना, व्यक्तिवाचक; (घ) मेघनाद, व्यक्तिवाचक; (ङ) हाथी, तालाब, जातिवाचक

7. (क) मण्डल; (ख) घण्टा; (ग) चन्दन; (घ) दण्डित; (ङ) शङ्कर; (च) अण्डा

8. (क) शत्रु; (ख) नापंसद; (ग) कठिन; (घ) संत; (ङ) कटु; (च) छोटा

9. (क) स्वीटी बहुत **अक्लमंद** है।

(ख) मुझे बहुत अच्छी **तरकीब** सूझी।

(ग) कौआ बहुत **प्यासा** था।

(घ) हाथी एक **विशालकाय** जानवर है।

पाठ-6 अक्कड़-मक्कड़

अभ्यास

1. (क) अक्कड़-मक्कड़ इसलिए लड़े, क्योंकि उन दोनों में किसी बात को लेकर बहस हो गई थी।

(ख) धुँआधार लड़ाई को देखकर लोगों के चेहरे खिले थे।

(ग) कविता के रचनाकार का नाम भवानीप्रसाद मिश्र है।

2. (क) मूँछ; (ख) दाढ़ी; (ग) फिर वो

3.

वह अब जीता	जो ठहरे
इस झगड़े का	हुए थे चेहरे
लोग तमाशाई	नहीं नतीजा
सबके खिले	वह अब जीता

5. (क) दोनों की लड़ाई का नतीजा इसलिए नहीं निकला, क्योंकि लड़ाई का कोई विशेष कारण नहीं था। वे दोनों मूर्ख थे। एक फक्कड़ व्यक्ति द्वारा समझाने पर उन्होंने लड़ाई बंद कर दी।

(ख) दोनों का झगड़ा एक फक्कड़ व्यक्ति ने रुकवाया।

(ग) फक्कड़ व्यक्ति ने दोनों को समझाया कि तुम आपस में प्रेम से रहने की बजाय लड़ रहे हो, तुम्हें तो चुल्लूभर पानी में डूबकर मर जाना चाहिए।

6. (क) राम और श्याम दोनों में आगे निकलने की **बात ठन** गई।

(ख) संजय अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन नहीं करता; अत: उसे चुल्लूभर पानी में डूबकर मर जाना चाहिए।

(ग) दो आदमियों के बीच झगड़ा होते देख लोगों के चेहरे खिल उठे।

(घ) मयंक को चोरी करते हुए जब उसके भाई ने देखा तो वह शर्म से पानी-पानी हो गया।

7. (क) इस झगड़े का नहीं नतीजा।

(ख) ताकत लड़ने में मत खोओ।

(ग) चलो भाई-चारे को बोओ।

(घ) लोग शर्म से परे, हट गये।

पाठ्येतर गतिविधि

- यदि स्कूल से घर जाते समय हमें दो लड़के आपस में लड़ते हुए मिलें तो

ऐसे में हम फक्कड़ जैसा बन जाएँगे क्योंकि फक्कड़ बनकर हम उनसे स्पष्ट और सही बात करके झगड़े को शांत करने की कोशिश करेंगे। जबकि तमाशाई आदमी तो सिर्फ लड़ाई का आनंद उठाते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि लड़ाई में कौन मर रहा है और कौन किसे मार रहा है।

- दो आदमी थे। वे मूर्ख और ढीठ थे। वे एक अस्थायी बाजार से एक साथ लौट रहे थे, तभी अचानक दोनों में किसी बात को लेकर बहस होने लगी। बहस होते-होते दोनों में लड़ाई होने लगी। कोई किसी की गरदन पकड़कर भीच रहा था तो दूसरा उसकी दाढ़ी पकड़कर खींच रहा था। वहाँ खड़े लोग आपस में बातें करके लड़ाई का भरपूर आनंद ले रहे थे और कह रहे थे कि अब यह जीता तो अब यह जीता। तभी एक फक्कड़ व्यक्ति आया जो मन का बहुत सच्चा किंतु व्यवहार से क्रोधी और रूखा था। उसने तेज आवाज में और स्पष्ट भाषा में दोनों को समझाया कि तुम दोनों भाई-भाई के समान होकर लड़ रहे हो, तुम्हें आपस में मिलकर प्रेम से रहना चाहिए और तुम पागलों की तरह लड़ रहे हो। अत: तुम्हें तो चुल्लूभर पानी में डूबकर मर जाना चाहिए। दोनों मूर्ख फक्कड़ की ये बातें सुनकर शर्म से पानी-पानी हो गए। लड़ना छोड़कर अलग हट गए और जो लड़ाई का आनंद उठा रहे थे वे भी लज्जित होकर वहाँ से चले गए। फिर दोनों मूर्ख आपस में गले मिले और लड़ाई समाप्त हो गई।

पाठ-7 दायाँ-बायाँ

अभ्यास

1. स्वयं कीजिए।
2. (क) i; (ख) iii; (ग) iii; (घ) i
3. (क) बायाँ, दायाँ; (ख) निवाले; (ग) चाबुक; (घ) तकलीफ
4. (क) ✗; (ख) ✓; (ग) ✓; (घ) ✓
5. (क) दायाँ और बायाँ राजा के दो हाथ थे।
   (ख) खाली समय में दायाँ और बायाँ एक-दूसरे के नाखून काटते, हथेलियाँ मलते। एक दूसरे की पीठ खुजलाते और कभी ये दोनों बैठे-ठाले आपस में उँगलियाँ लड़ाया करते थे।
   (ग) दायाँ और बायाँ को एक बुरी आदत थी। राजा जब कोई बात करता तो वे दोनों उसकी बातों की नकल करने लगते।
   (घ) राजा की किसी दुश्मन से लड़ाई होने पर दायाँ फौरन तलवार खींच लेता और बायाँ ढाल सँभाल लेता।
   (ङ) वजीर ने राजा को किले की मीनार में बंद किया।
6. (क) तुमने **ख्वाम-ख्वाह** यहाँ आने की परेशानी उठाई।
   (ख) मुझे आपसे पूरी **हमदर्दी** है।
   (ग) नहाते समय **साबुन** अवश्य लगाना चाहिए।
   (घ) पैदल चलने से मुझे **तकलीफ** होती है।
   (ङ) राजू देश का **गद्दार** नागरिक है।
7. (क) बुरा, (ख) गलत, (ग) सुबह, (घ) आखिरी, (ङ) ज्यादा, (च) दिन
6. (क) र – रथ रज रंक
   (ख) ॅ – मूर्ख धूर्त फुर्र
   (ग) ्र – प्रसन्न व्रत प्रथा
7. कॉल, डॉट, कॉपी, डॉक्टर

खंड-ब

स्वयं कीजिए।

पाठ-8 चिट्ठी

अभ्यास

1. स्वयं कीजिए।
2. (क) iii; (ख) ii
3. (क) रोक; (ख) पढ़ने; (ग) कुछ, घर, मोर
4. (क) सुमित को यह जानकर अच्छा लगा कि उसका मित्र रवि चौथी कक्षा पास करके पाँचवीं कक्षा में आ गया है।
   (ख) दोनों मित्रों ने पिछले साल की गर्मी की छुट्टियाँ गाँव में बिताई थीं।
   (ग) रवि की बहन का पैर पेड़ पर चढ़ते हुए फिसल गया था।
   (घ) थानेदार से भेलपूरी की तारीफ सुनकर अम्मा का सीना गर्व से फूलकर चौड़ा हो गया।

पाठ-9 कागज की आत्मकथा

अभ्यास

1. (क) यह आत्मकथा कागज की है।
   (ख) पहले लोग पेड़ के पत्तों, लकड़ी, छाल, चमड़ा आदि पर लिखते थे।
   (ग) साइलून नामक व्यक्ति चीन का निवासी था,जिसने कागज का आविष्कार किया था।
2. (क) चीन; (ख) सेलुलोज; (ग) पेपर बनाने में
3. (क) क्वालिटी; (ख) पेपीरस; (ग) क्राफ्ट
4. (क) कागज का आविष्कार चीन के निवासी साइलून नामक व्यक्ति ने किया था।
   (ख) कागज बनाने के लिए पहले लकड़ी के लट्ठों को काटा और छीला जाता है, फिर उसमें पानी मिलाकर आग पर पकाया जाता है। इस प्रकार, लुगदी तैयार की जाती है। इस लुगदी को तार की जाली से छाना जाता है और फिर पानी निकली इस लुगदी को दबाकर कागज की परत बनाई जाती है।
   (ग) कागज को इस बात का दुख है कि उसे बनाने के कारण लाखों पेड़ काट डाले जाते हैं। आज पेड़ों के कटने से संसार में तरह-तरह की समस्याएँ उत्पन्न होती जा रही हैं।
5. असंभव; मोटा; असुरक्षित; दुरुपयोग
6. पुल्लिग; पुल्लिंग; स्त्रीलिंग; स्त्रीलिंग
8. न्न; न्न; ब्ब; च्च

खंड(ब)

स्वयं कीजिए।

पाठ-10 अशरफ़ का उड़नखटोला

अभ्यास

1. (क) अशरफ चलती बस से उतर रहा था इसलिए अडा ने अशरफ को डाँट लगाई।
   (ख) विज्ञान का

(ग) हवाईजाहज का

2. (क) ii; (ख) i; (ग) iv; (घ) ii

3. (क) सेगुन ने।

अशरफ़ से।

क्योंकि अशरफ़ अपने मित्रों को अपनी नई खोज दिखाना चाहता था।

(ख) अशरफ़ ने।

यूजीन, सेगुन से।

क्योंकि अशरफ़ ने उन्हें उड़नतश्तरी के नाम पर पेड़ दिखाया।

4. (क) मैदान; (ख) स्वादिष्ट; (ग) कॉकपिट; (घ) खिसकने; (ङ) गद्‌गद्

5. (क) अशरफ़ ने हवाईजहाज बनाया था।

(ख) सेगुन और यूजीन अशरफ़ के मित्र थे। अशरफ़ ने उन्हें अपने हवाईजहाज में उड़ने के लिए अपने घर बुलाया था।

(ग) अशरफ़ ने आम के पेड़ को अपना हवाईजहाज बनाया था।

(घ) अशरफ़ के दोस्तों ने बाकी बच्चों को भी अशरफ़ के हवाईजहाज के बारे में बता दिया था जबकि वह कोई हवाईजहाज़ नहीं बल्कि एक पेड़ था। इस कारण अशरफ़ को सबके सामने शर्मिंदा होना पड़ा। इसलिए अशरफ़ दु:खी हुआ।

(ङ) विज्ञान की किताब में सूरज की गर्मी से अंडा उबालने का आविष्कार का प्रयोग दिया गया था।

6. (क) मैं भी जरूर आऊँगा।

(ख) अशरफ़ को चारों तरफ से बच्चों ने घेर रखा था।

(ग) तुम अपनी करतूतों से कभी बाज नहीं जाओगे।

7. (क) बाकी काम धीरे-धीरे चल रहे थे।

(ख) इतनी जल्दी मत मचाओ।

(ग) वह झट-से बस के दरवाज़े की ओर लपका।

(घ) अशरफ़ को चारों तरफ से बच्चों ने घेर रखा था।

8. (क) जल्दी से; (ख) माता; (ग) विद्‌यालय; (घ) खोज; (ङ) निरीक्षण; (च) प्रतीक्षा; (छ) घोषणा; (ज) युक्ति/विचार

9. (क) पेड़ से गिरकर राजू के **अंजर-पंजर** ढीले हो गए।

(ख) अशरफ़ के मित्र ने हवाईजहाज़ का **मुआयना** किया।

(ग) अशरफ़ अपनी **काल्पनिक** दुनिया में रहता था।

पाठ-11 राजू और काजू

अभ्यास

1. (क) राजू और काजू (ख) बाजार (ग) भीड़

2. (क) i; (ख) ii; (ग) iii; (घ) iv

3. (क) भीड़ बाज़ार में लगी थी।

(ख) सभी जगह दुकानें सजी थीं।

(ग) सभी दुकानें दीये, पटाखे, फुलझड़ियाँ, सुर्री, हवाइयाँ, गोले और चटाखे से भरी थीं।

4. (क) कुत्ता, छत्ता; (ख) अन्न, भिन्न; (ग) मम्मी, सिम्मी; (घ) उच्च, बच्चा; (ङ) दिल्ली, बिल्ली; (च) रस्सी, हिस्सा

5. (क) कच्चा; (ख) बड़ी; (ग) उधर; (घ) पतली; (ङ) अंदर; (च) अनेक

6. (क) विद्‌यालय; (ख) प्रकाश; (ग) चिकित्सक; (घ) यातायात; (ङ) कलम; (च) रेल; (छ) अध्यापक; (ज) अस्पताल

पाठ्येतर गतिविधि

स्वयं कीजिए।

पाठ-12 तिल का ताड़, राई का पहाड़

अभ्यास

1. (क) हट्‌टे-कट्‌टे लंबे-तगड़े

(ख) गुड़ लेने

(ग) बरसात का मौसम है न! नमक और गुड़ तो गीले होंगे ही। माल में खामी हो तो कहना।

(घ) एक तिनका (ङ) बाट

2. (क) ii; (ख) iv; (ग) iii; (घ) iii; (ङ) i

3. (क) पंसारी; (ख) मक्खियों; (ग) दुश्मनी; (घ) नुकसान; (ङ) आपा

4. (क) ✓; (ख) ✓; (ग) ✗; (घ) ✗

5. (क) आदमी ने गुड़ का तिनका उठाया और अंगुली के झटके से सामने फेंक दिया।

(ख) तिनके को दीवार पर चिपका देखकर मक्खियाँ तिनके पर आ गईं। मक्खियों को देख छिपकली मक्खियों को निगलने आई। छिपकली को देख बिल्ली छिपकली पर झपटी। बिल्ली को देखकर कुत्ते ने बिल्ली पर छलाँग मारी और बिल्ली तेजी से पंसारी की दुकान में घुस गई। इसी भाग-दौड़ में पंसारी की कई मटकियाँ फूट गईं। पंसारी का नुकसान हो गया। गुस्से में पंसारी ने अपना आपा भूलकर जोर से एक बाट कुत्ते की ओर फेंका जो कुत्ते के ललाट पर लगा। यह देखकर सामान खरीदने आए आदमी को गुस्सा आ गया और उसने पंसारी को चाँटा जड़ दिया। सभी लोग इकट्‌ठे हो गए और बात हाथापाई तक पहुँच गई।

(ग) जब बिल्ली और कुत्ते की भाग-दौड़ से पंसारी का नुकसान हो गया तथा पंसारी ने गुस्से में आकर आदमी के कुत्ते की ओर एक बाट फेंका जिससे कुत्ते के सिर से खून निकल आया तो वह आदमी यह बर्दाश्त नहीं कर पाया और उसने पंसारी को चाँटा जड़ दिया।

(घ) 'तिल का ताड़' का अर्थ है-छोटी सी बात को बढ़ाना। जैसे कि इस कहानी में छोटे से तिनके के ऊपर पूरे गाँव में कोहराम मच गया।

(ङ) पंसारी की दुकान की कई मटकियाँ फूट गईं। बतासे, चीनी, मिर्च-मसाले, दालें बिखर गईं और सारा तेल फैल गया।

(च) जवान द्‌वारा पंसारी के चाँटा मारने पर पंसारी हाय-तौबा मचाने लगा जिससे आस-पास की दुकान वाले एकत्र हो गए। उधर जवान के कबीले वाले भी आ गए। तू-तू मैं-मैं से बात बढ़ी और बात हाथापाई तक पहुँच गई। सैकड़ों लोगों की भीड़ उतर आई। बात इतनी बढ़ी कि पुलिस तक पहुँच गई। पुलिस आई और लोगों को ढूँढ़-ढूँढ़ कर पकड़ने लगी। काम-धंधा छोड़ लोग छिपने-छिपाने लगे।

6. (क) बिल्लियाँ; (ख) छिपकलियाँ; (ग) मक्खियाँ; (घ) मटकियाँ

7.

आस्तीन का साँप	कपटी मित्र
कमर सीधी करना	थकान मिटाना
छक्के छुड़ाना	बुरी तरह हराना
पत्थर की लकीर	पक्की बात
कान भरना	चुगली करना

8. (क) लंबे-तगड़े जवान।

(ख) दो-तीन मक्खियाँ उसकी मिठास का मज़ा लेने लगीं।

(ग) बोनी के समय सीधा-सादा ग्राहक आया।

(घ) सैकड़ों लोगों की भीड़ उतर आई।

9. (क) सेवा; (ख) बुढ़ापा; (ग) चोरी; (घ) कारीगरी; (ङ) घरेलू; (च) मित्रता; (छ) मिठास; (ज) गर्मी

पाठ-13 पतंगबाजी का प्रयोजन

अभ्यास

1. स्वयं कीजिए।

2. (क) ii; (ख) i; (ग) iii; (घ) iii

3. (क) विद्यार्थी, अध्ययन; (ख) सफलता; (ग) शास्त्रार्थ; (घ) आश्रम; (ङ) सवाल; (च) पतंगबाजी, प्रयोजन; (छ) आशीर्वाद, संक्रांति

4.

बहुत समय	की बात है।
उनके पढ़ाने का	तरीका भी अनोखा है।
आज मकर	संक्रांति का त्योहार है।
इसके पश्चात् दोनों	पेंच लड़ाने लगे।
शिष्य कुछ	भी नहीं बोला।
इस दिन पतंग	उड़ाना शुभ माना जाता है।

5. (क) गुरु जी का आश्रम महाराष्ट्र में था।

(ख) गुरु जी के पास अध्ययन करने दूर-दूर से विद्यार्थी इसलिए आते थे क्योंकि गुरु जी नियमित शिक्षा के साथ व्यावहारिक शिक्षा पर भी बहुत जोर देते थे। उनके पढ़ाने का तरीका भी अनोखा था।

(ग) मकर संक्रांति के त्योहार पर पतंग उड़ाना शुभ माना जाता है।

(घ) चकरी दो अन्य शिष्यों ने पकड़ी हुई थी।

(ङ) गुरु जी ने शिष्य से कहा कि क्या वह बता सकता है कि यह पतंगें आकाश में इतनी ऊँचाई तक कैसे पहुँची।

(च) गुरु जी ने शिष्य की पतंग काटी और उससे पूछा कि उसकी पतंग को तो अभी और ऊँचाई पर होना था जबकि गुरु जी की पतंग डोर की सहायता से ऊँचाई पर बनी हुई है।

(छ) शिष्य गुरु जी के चरणों में इसलिए गिर पड़ा क्योंकि अब उसको गुरु जी की सारी बातें समझ आ चुकी थी।

6. (क) पतंग उड़ाने का यह तरीका **अनोखा** है।

(ख) मुझे पढ़ाने का अच्छा **तरीका** आता है।

(ग) गुरु जी का **शिष्य** चतुर है।

(घ) अर्जुन सब योद्धाओं में **श्रेष्ठ** था।

(ङ) **मैदान** में बच्चे खेल रहे थे।

7. (क) नीच; (ख) निराधार; (ग) अंत; (घ) ताकतवर; (ङ) अवनति; (च) बंधन; (छ) आकाश; (ज) अशांत

8. (क) शिष्य, छात्र; (ख) विचित्र, निराला; (ग) उन्नति, विकास; (घ) धरती, पृथ्वी; (ङ) आशीष, मंगलकामना

पाठ-14 बादल बरसे रे

अभ्यास

1. (क) उमड़-घुमड़ कर।

(ख) अंडे।

(ग) स्वयं कीजिए।

2. (क) कविता में कपड़े-लत्ते समेटने की बात इसलिए कही गई है क्योंकि बारिश आने पर उनके भीगने का डर होता है।

(ख) सूरज की छुट्टी हो गई और पेड़-पौधों की मौज आ गई।

(ग) झिलमिलाती बूँदें नालियों और नालों से मिलने चलीं।

(घ) मोर नाच रहे हैं और पपीहे गा रहे हैं।

3. कल ही बोली थी अम्मा
लो चिड़ियाँ धूल नहारती।
और फौज की फौज चींटियाँ
अंडे लेकर जाती।
बरसेगा जब मेह
समेटो कपड़े-लत्ते रे।
बादल बरसे रे।

4. (बादल) (अंडे) (हो गई)

भाषा ज्ञान

१. (क) देखो, दरवाजे पर कोई दस्तक दे रहा है।

(ख) अजय के पिता जी फौज में हैं

(ग) आजकल सभी उपकरण बिजली से चलते हैं।

(घ) डाल पर बैठा पपीहा गा रहा है।

2.

आँख	नेत्र	चक्षु	नदी	सरिता	सरि	
सिंह	शेर	केसरी	बिजली	विद्युत	चपला	
कपड़े	वस्त्र	वसन				

3. (क) वाचाल (ख) सत्यवादी (ग) मूक

4. खरगोश ने बकरे से विनती की, ''बकरे चाचा! कुछ शिकारी कुत्ते मेरा पीछा कर रहे हैं। तुम मुझे अपनी पीठ पर बैठाकर कहीं दूर ले चलो तो मेरे प्राण बच जाएँगे, वरना वे मुझे मार डालेंगे।''

पाठ-15 किताबवाला

अभ्यास

1. (क) कोलंबिया का।

(ख) किताबों से।

(ग) एलफा और बीटा।

2. (क) iii; (ख) i; (ग) iv; (घ) iv

3. (क) मुनासिब; (ख) डाकू; (ग) लुईस; (घ) मुखौटों

4. (क) ✓; (ख) ✗; (ग) ✓; (घ) ✗

5.

लुईस	सुनसान
एल्फा, बीटा	गाँव
रास्ता	हट्टे-कट्टे गधे
इलटोरमेंटो	किताबों से प्यार

6. (क) लुईस कोलंबिया का रहने वाला आदमी था और वह अपनी किताबों से बहुत प्यार करता था।

(ख) लुईस ने अपने गधों पर किताबें लादीं। उसने उनकी पीठ पर किताबें रखने के लिए क्रेट बनाई और उस पर एक तख्ती-गधे पर किताबघर, लिखकर टाँग दी।

(ग) लुईस के पास कुछ धन की जगह किताब देखकर डाकू का पारा चढ़ गया।

(घ) बच्चों ने अपनी-अपनी पसंद की एक-एक किताब चुन ली।

7.

(क) उसने एक किताब रख ली।	जातिवाचक
(ख) उसका नाम था—लुईस।	व्यक्तिवाचक
(ग) अगली बार मुझे चाँदी चाहिए।	जातिवाचक
(घ) उसे किताबों से बहुत प्यार था।	भाववाचक
(ङ) बच्चे हमारा इंतजार कर रहे होंगे।	जातिवाचक

8.

पुल्लिग	स्त्रीलिंग
सूरज	पत्नी
डाकू	चाँदी
घर	तख्ती
जंगल	मोमबत्ती
	पहाड़ी
	किताब

9. (क) सूर्य, दिनकर, दिवाकर; (ख) वन, अरण्य, कानन; (ग) जल, नीर, तोय; (घ) रात्रि, निशा, रजनी

10. (क) उपहार; (ख) उपन्यास; (ग) उपवन; (घ) उपयुक्त; (ङ) उपकार; (च) उपहास

पाठ-16 झोंपड़ी

अभ्यास

1. (क) विधवा महिला।

(ख) एक कन्या के साथ रहती थी। वकीलों को अधिक पैसा देकर उसने विधवा महिला को डराया।

(ग) विधवा ने जमींदार से कहा ''जब से यह झोंपड़ी छूटी है, तब से मेरी पोती ने खाना-पीना छोड़ दिया है। मैंने बहुत-कुछ समझाया पर वह एक नहीं मानती। यही कहा करती है कि अपने घर चल, वहीं रोटी खाऊँगी। अब मैंने यह सोचा है कि इस झोंपड़ी में से एक टोकरीभर मिट्टी लेकर उसी का चूल्हा बनाकर रोटी पकाऊँगी। इससे भरोसा है कि वह रोटी खाने लगेगी। कृपा करके आज्ञा दें तो इस टोकरी में मिट्टी ले जाऊँ।''

(घ) वह उस मिट्टी का चूल्हा बनाती और उस पर खाना पकाकर पोती को खिलाती।

2. (क) iii; (ख) ii; (ग) iii; (घ) i

3. (क) श्रीमान जमींदार, बेसहारा; (ख) जमानें; (ग) पोती, वृद्धाकाल; (घ) निष्फल; (ङ) झोंपड़ी, टोकरियाँ

4. (क) ✗; (ख) ✗; (ग) ✓; (घ) ✓

5. (क) बुढ़िया ने जमींदार से; (ख) जमींदार ने बुढ़िया से; (ग) बुढ़िया ने जमींदार से; (घ) बुढ़िया ने जमींदार से

6. (क) जमींदार साहब को अपने महल का अहाता झोंपड़ी तक बढ़ाने की इच्छा हुई।

(ख) विधवा के बुढ़ापे का एकमात्र सहारा उसकी (पतोहू) पोती थी।

(ग) जब से विधवा ने यह सुना कि जमींदार उसकी झोंपड़ी को गिराना चाहता है तब से विधवा मृतप्राय हो गई थी।

(घ) विधवा ने जमींदार से प्रार्थना की कि वह झोंपड़ी से उसे एक टोकरी मिट्टी ले जाने की अनुमति दे दे जिससे वह उस मिट्टी का चूल्हा बनाकर अपनी पोती के लिए खाना बना सके।

(ङ) इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें किसी बेसहारा के साथ अन्याय नहीं करना चाहिए।

(च) कहानी के अंत में विधवा बुढ़िया की जीत हुई।

7. (क) लचीले; (ख) नौकरी; (ग) मैली; (घ) कूल्हा; (ङ) खोपड़ी; (च) चिट्टी

8. (क) राजू के घर के पास एक **अनाथ** रहता है।

(ख) **जमींदार** बहुत लालची आदमी था।

(ग) जमींदार के सभी कार्य **निष्फल** हुए।

(घ) गरीबों व बड़ों की सेवा करना हमारा **कर्त्तव्य** है।

(ङ) बच्चे विद्यालय में रोज **प्रार्थना** करते हैं।

9.

पुल्लिग	स्त्रीलिंग
जमींदार	विधवा
महाराज	पोती
पड़ोस	श्रीमती
वकील	झोंपड़ी
थैला	मिट्टी

10. (क) दूरदर्शी; (ख) जिज्ञासा; (ग) दयालु; (घ) न्यायप्रिय; (ङ) प्रेमी

पाठ-17 नाटक में नाटक

अभ्यास

1. (क) क्योंकि नाटक की पूरी तैयारी नहीं हुई थी।

(ख) क्योंकि उसके हाथ में चोट लगी थी।

(ग) मोहन चित्रकार बना था।

2. (क) iii; (ख) iii; (ग) i; (घ) iii; (ङ) ii

3. (क) इज़्ज़त; (ख) हिदायतें; (ग) लोट-पोट; (घ) परदा

4. (क) मोहन ने सोहन से; (ख) चित्रकार ने शायर से; (ग) राकेश ने चित्रकार से

5. (क) राकेश अभिनय नहीं कर पाया क्योंकि फुटबॉल खेलते समय वह अचानक गिर पड़ा और उसके हाथ में चोट लग गई थी। हाथ को

एक पट्टी में लपेटकर गर्दन के सहारे लटकाए रखना पड़ता था।

(ख) राकेश को चोट फुटबॉल खेलते हुए लग गई थी।

(ग) नाटक में सब कुछ बेकार हुआ। सभी कलाकार अपने-अपने संवाद भूलकर एक-दूसरे से लड़ने लगे थे।

(घ) राकेश ने मंच पर आकर दर्शकों को यह दिखाया कि वे कलाकार नाटक न करके नाटक की रिहर्सल कर रहे थे।

(ङ) राकेश ने नाटक को 'बड़ा कलाकार' नाम दिया।

6. (क) राकेश ने बात सँभाली। — व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ख) दर्शक सब शांत थे। — जातिवाचक संज्ञा

(ग) दूसरे चाहे उसकी मूर्खता पर हँस रहे हों। — भाववाचक संज्ञा

(घ) चित्रकार कहता है कि उसकी कला महान है। — जातिवाचक संज्ञा

(ङ) मेरी शायरी गाजर-मूली है तो तेरी चित्रकला झाड़ू फेरना। — जातिवाचक संज्ञा

7. (क) **दर्शक** हँसी से लोट-पोट हो रहे थे।

(ख) राकेश ने सबकी **इज़्ज़त** बचाई।

(ग) राकेश की कलाकारी देखकर सभी लोग **भौंचक्के** रह गए।

(घ) यह मैदान **सार्वजनिक** है।

8. (क) पुराने; (ख) जवाब; (ग) श्वेत; (घ) धोखा; (ङ) अनावश्यक; (च) भारी

9. (क) मंच; (ख) अक्लमंदी; (ग) सँभाल; (घ) संवाद; (ङ) शांत; (च) संगीतकार

10. ज — गाजर, बाजार, रोज

ज़ — इज़्ज़त, ज़ोर, नाज़

11. (क) हार का सामना करना।

विपक्षी टीम को हमारे सामने मुँह की खानी पड़ी।

(ख) हैरान होना।

कल के मैच में कप्तान का प्रदर्शन देख सब भौंचक्के रह गए।

पाठ-18 टिपटिपवा

अभ्यास

1. (क) छत से पानी को टपकना - टिपटिपवा था।

(ख) धोबी का गधा कहीं चला गया था। वह उसी के बारे में पूछने के लिए पंडित जी के पास गया।

2. (क) ii; (ख) ii; (ग) iii

3. (क) कहानियाँ; (ख) झोंपड़ी; (ग) संयोग; (घ) अचानक, घबरा; (ङ) बचानी, चुपचाप; (च) कचूमर

4.

एक दिन मूसलाधार	बैठ गया
पोता उठकर	बारिश हुई
बाघ दुम दबाकर	धोबी रहता था
गाँव में एक	बारिश
टिपटिपवा	भाग चला

5. (क) बुढ़िया — बुढ़िया अपने पोते से परेशान थी।

(ख) बाघ — बाघ टिपटिपवा से परेशान था।

(ग) धोबी — धोबी भी गधा खोने से परेशान था।

(घ) पंडित — पंडित जी बारिश के जमा पानी से परेशान थे।

(ङ) गाँव — सारा गाँव बारिश से परेशान था।

6. (क) यदि धोबी रास्ते में ही बाघ को पहचान लेता तो वह डर जाता।

(ख) स्वयं कीजिए।

(ग) मूसलाधार बारिश से सभी के घरों में पानी भर जाता है। सभी काम रुक जाते हैं। बाहर जाने में कठिनाई होती है।

(घ) नहीं, पंडित जी के पोथी-पतरे में किसी समस्या का कोई समाधान नहीं होता।

7. (क) पोता रोज़ रात में सोने से पहले अपनी दादी से कहानी सुनने की जिद करता था।

(ख) बुढ़िया ने अपने पोते से खीझकर कहा, 'अरे बचवा, का कहानी सुनाएँ? ई टिपटिपवा से जान बचे तब ना'।

(ग) बाघ बारिश से बचने के लिए झोंपड़ी के पीछे बैठा था।

(घ) धोबी की पत्नी ने धोबी से कहा कि वह गधे के बारे में गाँव के पंडित जी से जाकर पूछे। वे बड़े ज्ञानी हैं। उन्हें आगे-पीछे सबकी खबर होती है।

(ङ) पंडित जी घर में जमा बारिश का पानी उलीच-उलीचकर फेंक रहे थे।

(च) बाघ बुढ़िया की बातें सुनकर टिपटिपवा से डर गया था। जब धोबी ने उस पर हमला किया तो उसे लगा कि टिपटिपवा ने उस पर हमला कर दिया है और वह मार-मारकर उसकी जान ले लेगा। इस कारण धोबी को टिपटिपवा समझकर बाघ भीगी बिल्ली बनकर उसके पीछे-पीछे चल दिया।

(छ) सुबह जब गाँववालों ने धोबी के घर के बाहर खूँटे से एक बाघ को बँधे देखा तो उनकी आँखें खुली की खुली रह गईं।

8. (क) दिन; (ख) वियोग; (ग) शहर; (घ) अज्ञानी; (ङ) छोटा; (च) अंदर; (छ) आगे; (ज) पतला

9.

बुढ़ीया	बुढ़िया	बुड़िया
झोंपड़ी	झौंपड़ी	झोंपड़ि
बारीस	बारिश	बरिश

10. (क) कल रात **मूसलाधार** बारिश हुई।

(ख) सभी लोग राम के लौटने की खबर से **बेखबर** थे।

(ग) **संयोग** से कल मेरा मित्र मुझे मिल गया।

(घ) बारिश का पानी सभी के लिए **मुसीबत** बन जाता है।

पाठ-19 क्रिसमस और सांता क्लॉज की कहानी

अभ्यास

1. (क) 25 दिसंबर (ख) 25 दिसंबर को येरुशलम में। (ग) लाल रंग की।

2. (क) ii; (ख) i; (ग) iii; (घ) iv; (ङ) i

3. (क) क्रिसमस; (ख) पशुशाला; (ग) लोकप्रिय; (घ) सोने

4. (क) ✗; (ख) ✓; (ग) ✓; (घ) ✓; (ङ) ✓

5.

क्रिसमस का त्योहार	हॉलैंड का निवासी
ईसा मसीह का जन्मस्थल	उपहार दिए जाते हैं
संत निकोलस	25 दिसंबर
क्रिसमस पर बच्चों को	येरुशलम

6. (क) ईसा मसीह के जन्म के समय आकाशवाणी हुई कि "संसार का दु:ख दूर करने और सबको प्रेम का संदेश देने के लिए ईश्वर के पुत्र का जन्म हो चुका है।"

(ख) संत निकोलस चुपके-से गरीब परिवार के मकान की छत पर चढ़ गए और चिमनी से उन्होंने काफी सारे सोने के सिक्के गिरा दिए।

(ग) आज क्रिसमस उतना धार्मिक त्योहार नहीं रहा जितना सामाजिक उत्सव, जिसमें खाना-पीना, मौज-मस्ती और मिलना-जुलना आदि किया जाता है।

7. (क) आकर्षण; (ख) उपहार; (ग) आकाशवाणी; (घ) स्वाभिमान; (ङ) प्रशिक्षण; (च) हॉलैंड; (छ) प्रार्थना; (ज) ईश्वर

8. (क) जो बेहद अमीर थी।

(ख) घरों में अँधेरा किया जाता है।

(ग) तीनों बहनें बहुत सुखी रहती थीं।

(घ) इसे एक काल्पनिक व्यक्ति के जीवन की नकल पर बनाया गया है।

9. (क) उपहार, उपकार, उपहास; (ख) प्रकार, प्रहार, प्रदान

10. (क) कि; (ख) कि; (ग) की; (घ) की; (ङ) की

11. (क) बच्चियाँ; (ख) बारहसिंगे; (ग) सिक्के; (घ) बहनें; (ङ) चिमनियाँ; (च) तारे; (छ) भाषाएँ; (ज) मोज़े

पाठ-20 मातृभूमि की प्रशंसा

अभ्यास

1. (क) मातृभूमि की। (ख) मातृभूमि की रज से
(ग) हाँ (घ) मातृभूमि

2. (क) ii; (ख) i; (ग) ii

3. (क) हम खेलें-कूदें हर्ष-युक्त जिसकी प्यारी गोद में,
हे मातृ भूमि तुमको निरख मग्न क्यों न हो मोद में
पाकर तुमको सभी सुखों को हमने भोगा,
तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा।

(ख) जिस पृथ्वी में मिले हमारे पूर्वज प्यारे,
उससे हे भगवान! कभी हम रहें न न्यारे।
लोट-पोट कर वहीं हृदय को शांत करेंगे,
उससे मिलते समय मृत्यु से नहीं डरेंगे।

4.

लोट-लोट कर	बड़े हुए हैं।
सरक-सरक कर	खड़े हुए हैं।
खेलें-कूदें	हर्ष-युक्त
सुरस-सार	सनी हुई है।
वहीं हृदय को	शांत करेंगे
भव-बंधन	मुक्त हम

6. (क) हम घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं।

(ख) हम मातृ भूमि की गोद में खेलते-कूदते हैं।

(ग) हमारे पूर्वज प्यारे धरती में मिले हैं।

(घ) इस कविता के रचयिता मैथिलीशरण गुप्त जी हैं।

(ङ) इस कविता से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए।